मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड
भदभदा रोड भोपाल म0प्र0

क्रमांक–मप्रपुआ/अविनि/स्थापना–3/1040/2020, भोपाल दिनांक 16/07/2020

प्रति

प्रबंधक
मध्य प्रदेश माध्यम
म0प्र0 भोपाल

विषयः– म0प्र0पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम में प्रतिनियुक्ति रक्षित बाह्य सेवा संवर्ग में रिक्त कार्यालय अधीक्षक पद की पूर्ति हेतु अधवार्षिकीय आयु पर सेवा निवृत्त कार्यालय अधीक्षक संवर्ग की संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन।

00

म0प्र0पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम में, प्रतिनियुक्ति रक्षित बाह्य सेवा संवर्ग के अंर्तगत रिक्त कार्यालय अधीक्षक पद की पूति हेतु, अधिबार्षिकीय आयु पर सेवा निवृत्त ऐसे कार्यालय अधीक्षक संवर्ग के अधिकारियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जिन्होने कम से कम 5 वर्ष की सेवा किसी निर्माण विभाग, निर्माण विभाग के निगम मंडल कार्यालयो में, कार्यालय अधीक्षक पद के दायित्वो का निर्वहन निष्ठापूर्वक संपादित किया है। निर्धारित प्रारूप के सभी कॉलमो की पूर्ति की जाकर, आवश्यक प्रमाण पत्रो सहित, दिनांक 31 जुलाई 2020 को कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक स्वयं अथवा डाक से प्रस्तुत किये जा सकते है।

रिक्त संविदा पद का की आर्हता अनिवार्य एवं सामान्य शर्ते एव आवेदन पत्र प्रारूप कार्पोरेशन की बेबसाईट www.policehousing.mp.gov.in में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन पत्र कार्पोरेशन की बेबसाईट में आन–लाईन प्रेषित किया गया भी स्वीकार्य किया जावेगा।

विज्ञापित संविदा नियुक्ति, मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी–3–12/2011/3/एक दिनांक 03 सितम्बर में अंकित आवश्यक शर्ते एवं मापदण्ड के आधार पर, परिपत्र क्रमांक सी–5–2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 की कंडिका 1.2. में वर्णित प्रावधान अंतर्गत, कार्पोरेशन में स्वीकृत बाह्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत संविदा सेवा ग्राह्य संबंधी, संविदा नियम लागू होगे।

संलग्न– विज्ञापन की प्रति

प्रबंध संचालक
म.प्र.पुलस आवास एवं अधो.
विकास निगम भोपाल

## मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, मुख्यालय भोपाल में रिक्त बाह्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत कार्यालय अधीक्षक पद की संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

——

### (1) संविदा कार्यालय अधीक्षक के लिए रिक्त पद का विवरण

| क0 | पदनाम | कुल रिक्तियॉ | संवर्ग जिसके लिए आरक्षित है। |
|---|---|---|---|
| 01 | कार्यालय अधीक्षक | 01 बाह्य सेवा संवर्ग | अनारक्षित |

### (2) सविदा नियुक्ति के लिए आवश्यक आर्हकारी शर्ते:–

**अ**– अधिबार्षिकीय आयु पर सेवा निवृत्त ऐसे कार्यालय अधीक्षक संवर्ग के अधिकारी आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए पात्र होगे, जिन्होने कम से कम 5 वर्ष की सेवा किसी निर्माण विभाग, निर्माण विभाग के निगम मंडल कार्यालय में, कार्यालय अधीक्षक पद के दायित्वो का निर्वहन निष्ठापूर्वक संपादित किया है। इस अवधि में कार्य संपादन के लिए कोई दण्ड एवं प्रतिकूल टीका टिप्पणी नहीं की गई हो।

ब– संबंधित अधिकारी का अभिलेख समग्र रूप से ''बहुत अच्छा'' श्रेणी या उससे उच्च कोटि का होना आवश्यक है। गोपनीय चरित्रावली विगत 10 वर्षो की संलग्न की जावे।

स– संबंधित अधिकारी की निष्ठा के बारे में उसके सेवाकाल के दौरान किसी भी समय, कोई संदेह या आक्षेप न किया गया हो और सामान्यतः ईमानदारी और दक्षता के बारे में उसकी ख्याति अच्छी रही हो।

**द**– पिछले 10 वर्षो के दौरान संबंधित अधिकारी को कोई दंड न दिया गया हो।

**य**– संबंधित अधिकारी का स्वास्त्य अच्छी स्थिति में हो। यदि सविदा–नीति अंतर्गत चयन किया जाता है, उस स्थिति में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मेडिकल बोर्ड के द्वारा सेवा के लिए स्वस्थ्य पाये जाने पर ही नियुक्ति पर प्रभार ग्रहण की अनुमति प्रदान की जावेगी।

**र**– आवेदन दिनांक को आयु 64 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। संविदा नियुक्ति प्रथमतः 01 वर्ष के लिए होगी अतः 65 वर्ष से 01 वर्ष कम नियुक्ति दिनांक को आयु के अधिकारी ही आवेदन लिए पात्र होगे। आयु की गणना चयन प्रकिया उपरांत नियुक्ति पर प्रभार ग्रहण दिनांक से की जावेगी।

### (3) संविदा नियुक्ति की सामान्य शर्ते –

1. संविदा सेवा में नियुक्ति के लिए अवधि प्रथमतः एक वर्ष की होगी।
2. संविदा सेवा में प्रतिमाह पेंशन की राशि घटाकर एकजाई वेतन देय होगा।
3. एकजाई वेतन निर्धारित करने के लिए सेवा निवृत्ति के समय कुल वेतन से पेंशन की राशि घटाकर जो राशि आयेगी वह राशि संविदा वेतन के रूप में देय होगी।
4. पेंशन पृथक से प्राप्त होगी तथा पेशन पर देय राहत की पात्रता होगी।
5. उभय पक्षो मे से किसी भी पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
6. संविदा सेवा अवधि में पात्रतानुसार गृहभाडा भत्ता/अन्य भत्ते संविदा नियमों के अनुसार देय होगा।
7. अस्थाई शासकीय सेवको के समान अवकाश की पात्रता होगी।

8. यात्रा भत्ते एवं अन्य भत्तो की की पात्रता उसी प्र[illegible]सा कि सेवानिवृत्ति के तत्काल पूर्व अधिकारी को थी।

9. संविदा नियुक्ति आदेश के 45 दिवस तक कार्यभार ग्रह[illegible]रने पर संविदा नियुक्ति आदेश स्वतः प्रभाव शून्य हो जायेगा।

(4) उपरोक्त अर्हता/शर्ते पालन करने वाले सेवा निवृत्त अधिकारी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आवश्यक सहपत्र एवं प्रमाण पत्रो सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 31 जुलाई 2020 को कार्यालयीन समय 05.30 बजे अपरान्ह तक व्यक्तिशः, डाक अथवा कार्पोरेशन की बेबसाईट www.mpphc.net में भेज सकेगे। किन्तु दिनांक 31 जुलाई 2020 के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगे। डाक पत्र के विलंब के लिए निगम उत्तरदायी नहीं होगा। डाक वितरण में विलंब के लिए अभ्यार्थी उत्तरदायी होगे। अतः नियत दिनांक तक सभी कालमो की पूर्ति कर आवश्यक प्रमाण–पत्रो सहित आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जावेगे।

(5) संविदा नियुक्ति के लिए निगम में गठित चयन समिति द्वारा अर्हकारी आवश्यक शर्ते एवं सामान्य शर्तो की पूर्ति करने वाले अभ्याथियों की लिखित परीक्षा **दिनांक 8 अगस्त 2020 को समय 11 बजे कार्पोरेशन मुख्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जावेगी।** विज्ञापित सूचना के अलावा किसी अभ्यार्थी को पृथक से सूचना नही दी जावेगी। केवल आवेदन पत्र की स्वीकारिता एवं अस्वीकार्य करने के कारण की सूचना कार्पोरेशन की बेबसाईट में www.mpphc.net में दिनांक 05 अगस्त के पूर्व अपलोड कर दी जावेगी। डाक अथवा व्यतिशः सूचना नही दी जावेगी।

**संलग्न– आवेदन पत्र प्रारूप**

प्रबंध संचालक
म.प्र.पुलस आवास एवं अधो.
विकास निगम भोपा

# संविदा कार्यालय अधीक्षक पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का पूरा नाम :–
2. पिता का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. सेवा में प्रथम नियुक्ति का दिनांक एवं पदः–
5. कार्यालय अधीक्षक के पद पर नियुक्ति का दिनांक :–
6. सेवा निवृत्ति का दिनांक :–
7. सेवा निवृत्ति के दिनंक का वेतनमान एवं उस पर मे प्राप्त वेतन रू.
8. निर्माण विभाग में कार्यानुभव का विवरण :–

| सक | विभाग का नाम एवं पता धारित पद का विवरण | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

9. शैक्षणिक योग्यता :'–

| सक | योग्यता का विवरण | उत्तीर्ण बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | परिणम एवं श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

10. व्यवसायिक योग्यता :–

| सक | योग्यता का विवरण | उत्तीर्ण बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | परिणम एवं श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

11. गोपनीय चरित्रावली ग्रेडिंग (विगत 10 वर्ष)

| बर्ष | | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | 31.03.2020 | |
| 2 | 31.03.2019 | |
| 3 | 31.03.2018 | |
| 4 | 31.03.2017 | |
| 5 | 31.03.2016 | |
| 6 | 31.03.2015 | |
| 7 | 31.03.2014 | |
| 8 | 31.03.2013 | |
| 9 | 31.03.2012 | |
| 10 | 31.03.2011 | |
| नोंट –यदि कम से उपलब्ध न हो तो उस स्थिति में पिछले वर्ष की लेख की जावें। | | |

12. सेवा काल में प्रशंसनीय कार्यो के लिए प्राप्त प्रशंसा पत्र, ईनाम क संख्या :–
( प्रशंसा पत्र की सत्याति प्रतियॉ संलग्न किये जावे)

13. सेवा काल में प्राप्त दण्ड लघुशस्ति, दीर्घशस्ति, चेतावनी आदि की संख्या :–
(दिनाक सहित पृथक पृथक क्रम में अंकित कर सूची संलग्न की किये जावे)

14. लंबित/निराकृत, विभागीय जॉच, अपराधिक प्रकरण, अनुशासनिक जॉच की पृथक–पृथक संख्या :–
(कुल आदेशित/निराकृत का विवरण पृथक–2 सूचीवद्व कर संलग्न किया जावे। किन्तु यदि वर्तमान में लंबित है तो आवेदन न किया जावे। जॉचे लंबित न होने संबंधी पृथक–पृथक शपथ पत्र सलग्न करना अनिवार्य है। वर्तमान में अथवा सेवाकाल में ऐसी प्रत्येक जांच का ब्यौरा अंकित कर स्व–हस्ताक्षरित एवं वर्तमान स्थिति का ब्यौरा सूचीवद्व कर, तत्संबंधी शपथ–पत्र संलग्न किये जावे)

15. विगत 10 वर्ष में गंभीर बीमारी के लिए अन्तःरोगी के रूप में उपचारार्थ चिकित्सालय में भर्ती की अवधि एवं चिकित्सीय आधार पर स्वीकृत लघुकृत अवकाश की अवधि :–

**अपूर्ण आवेदन पत्र बिना किसी सूचना के अस्वीकार कर नस्तीवद्व कर दिया जावगें।**

संलग्नक– पेज

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक

**//सत्यापन–प्रमाण–पत्र//**

मै (नाम एवं पद) , शपथ पूर्वक, सत्य निष्ठा से सत्यापित करता हूॅ कि आवेदन पत्र में स0क्र0 01 से 15 तक मेरे द्वारा अंकित की गई जानकारी जहॉ तक मुझे ज्ञात है, मेरे अभिलेख अनुसार सही एवं सत्य है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जावे तो मेरा आवेदन निरस्त कर मेरी प्रतिभागिता निरस्त कर मेरे विरूद्व कार्यवाही के लिए प्रबंधन को अधिकार होगा।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक